तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 22 जून 2026

12 युवा योग को जिंदगी का बनाएं हिस्साः गोयल



12 अंबेडकर विचारधारा को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू



# 'योग में रंगा करनाल' केंद्रीय मंत्री ने 5200 प्रतिभागियों के साथ किया अनुलोम विलोम

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस अकादमी, मेडिकल कॉलेज, न्यायालय, जिला कारागार सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं और जिला स्तरीय कार्यक्रमों में दिखा उत्साह

- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को करनाल जिले में योग का व्यापक उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन, हरियाणा पुलिस अकादमी, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला कारागार, संत निरंकारी मिशन सहित विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। स्थानीय नई अनाज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में करीब 5200 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली है। कार्यक्रम में हरियाणा पशुधन बोर्ड के चेयरमैन अशोक सिरसी, मेघा भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा, एसपी नरेंद्र बिजारणिया, एडीसी डॉ. राहुल रईया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





अंबाला। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते मंत्री विपुल गोयल व अन्य।

## योग हमारी प्राचीन धरोहर, सेहत के लिए दुनिया के 190 देशों ने अपनायाः गोयल

**अंबाला।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मागदर्शन में पूरा विश्व योगमय हुआ है। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर तथा योग को नियमित रूप से करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उस संकल्प को हम जल्द ही पूरा कर लगे। गोयल ने यह अभिव्यक्ति रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम सेक्टर 10 अंबाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। इस मौके पर ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का योग दिवस के अवसर पर जो संदेश दिया गया उसे उपस्थित सभी ने देखा व सुना। इस मौके पर एडीसी विराट, भाजपा जिला प्रधान मनदीप सिंह राणा, एसपी अजीत सिंह शेखावत, सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग, शिवालिक एजेंसी कार्यकारी अधिकारी पूजा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल के साथ-साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति एवं धरोहर है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में योग की महत्वता बढ़ी है। लगभग 190 देशों ने योग को अपनाया है। हर वर्ष योग को हर्षोउल्सास के साथ मनाने का काम किया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर बाबा रामदेव का विशेषतौर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 25 वर्ष पहले योग बारे लोगों को जागरूक करते हुए उससे जुडने बारे प्रेरित किया था।

## योग से स्वस्थ और सशक्त समाज बनेगाः रेखा शर्मा

**यमुनानगर।** हरियाणा से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम की ही क्रिया नहीं है। बल्कि यह विश्व और और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। प्रत्येक व्यक्ति को इस भाव को इस भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित जिलास्तरीय योग कार्यक्रम में कहे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने योग पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प करवाया। आज विश्व के 177 देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम की ही क्रिया नहीं है। बल्कि विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। प्रत्येक व्यक्ति को इस भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में योग का महत्व और बढ़ गया है। क्योंकि बदलती जीवन शैली और खान पान की आदतों के कारण लोगों खासकर युवाओं के जीवन में तनाव बढ़ रहा है। अति व्यस्तताएं मन की व्यग्रता, अत्याधिक तनाव, प्रदूषण और भागम भाग से लोग कई तरह के विकारों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनने का मूलमंत्र है। यह मन, आत्मा और शक्तियों का आत्मबोध कराने का कारगर रास्ता है। योग कला, विज्ञान और दर्शन का बेजोड़ संगम है। योग में समूची मानवता को एकजुट करने की अद्भुत शक्ति है। हमे अपनी महान संस्कृति और परंपराओं को जोड़ना है। नैतिक बल प्रदान करना है।



यमुनानगर। जगाधरी नई अनाज मंडी में आयोजित जिलास्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग करते।

## योग अपनाएं, स्वस्थ और नशामुक्त हरियाणा बनाएंः बेदी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि योग प्रत्येक मनुष्य को आत्म संयम, अनुशासन और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देता है। इस प्रेरणा से प्रत्येक नागरिक को योगासन अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। जब प्रत्येक मनुष्य योग को अपने जीवन में धारण करेगा तो निश्चित ही एक स्वस्थ, जागरूक और नशा मुक्त हरियाणा का निर्माण संभव हो सकेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को गीता स्थली ज्योतिसर अनुभव केंद्र के प्रांगण में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने गीता स्थली ज्योतिसर वट वृक्ष के साथ साथ प्राचीन मंदिर में गीता पूजन किया और प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना की है। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही ऑनलाइन प्रणाली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को अपना संबोधन दिया और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश भी दिया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के साथ साथ सभी मेहमानों, अधिकारियों और आमजन ने 45 मिनट तक प्रोटोकॉल योगा का अभ्यास किया। इस प्रोटोकॉल योगा में पतंजलि योग समिति के मंडल प्रभारी पाला राम व भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने प्रोटोकॉल योगा के अनुसार आसनों का अभ्यास करवाया। इस प्रोटोकॉल योगा से पहले कैबिनेट मंत्री ने प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार के समर्पित प्रयासों से योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ योग स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का प्रेरणा स्त्रोत बना है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की तमाम गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके अलावा चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, पूर्व चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, नगर परिषद की अध्यक्षा माफी ढांडा को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया।



कुरुक्षेत्र। योग करते हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व अन्य।

## खबर संक्षेप

### पिहोवा से चिट्टा तस्करी के आरोपी को दबोचा

**कुरुक्षेत्र।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैदान-2 के तहत एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिहोवा क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के निर्देशन में जिले में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक सतविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, मुख्य सिपाही आजाद सिंह, मंदीप सिंह, विक्रम सिंह तथा सिपाही अमित कुमार शामिल रहे।

### शाहबाद में स्मैक तस्करी पर पुलिस का शिकंजा

**कुरुक्षेत्र।** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान /"ऑपरेशन मैदान-2/" के तहत पुलिस ने शाहबाद क्षेत्र से नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 ग्राम स्मैक/चिट्टा बरामद कर नशा तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल नेतृत्व में जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना शाहबाद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवतार सिंह उर्फ भूरी निवासी रावी कॉलोनी, शाहबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 20 जून को शहर चौकी शाहबाद प्रभारी सहायक उप निरीक्षक हरजीत सिंह अपनी टीम के साथ बराड़ा पुल के नीचे गश्त पर मौजूद थे।

### आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे साढ़े 20 लाख

**यमुनानगर।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर फरकपुर थाना क्षेत्र के प्रहलाद पुरी कॉलोनी निवासी अजय कुमार से साढ़े 20 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप विक्रम सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार प्रहलाद पुरी कॉलोनी निवासी अजय ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 2025 में वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात विक्रम सिंह के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे रोजगार के लिए ऑस्ट्रेलिया भेज देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उससे ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 22 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। अजय ने बताया कि उसने विक्रम सिंह को अप्रैल 2025 से जून 2025 के बीच 15 लाख रुपये ऑनलाइन व साढ़े पांच लाख रुपए कैश तथा जरूरी दस्तावेज दे दिए।

## दो बच्चों के पिता की करंट की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गांव बीड़ बडावला में 2 बच्चों के पिता की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक सुबह खेत में काम कर रहा था तो इसी दौरान उसकी करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान 34 वर्षीय गौरव शर्मा निवासी गांव बीड़ बडावला के रूप में हुई है। मृतक 2 बच्चों का पिता था और परिवार का इकलौता कमाने वाला था। जानकारी के अनुसार, घटना रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे की है। गौरव ठेके पर जमीन लेकर खेती का काम करता था। परिजनों के अनुसार, उसने करीब 8 दिन पहले ही यह जमीन ठेके पर ली थी और रविवार सुबह काम करने के लिए खेत में गया था। परिजन भाई अमित ने बताया कि खेत में लगे ट्यूबवैल के पास ट्रांसफार्मर काफी नीचे रखा हुआ है। गौरव खेत में कस्सी से काम कर रहा था। आशंका है कि काम करते समय कस्सी बिजली की तार से टकरा गई, जिससे उसे करंट लग गया। करंट लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



## एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से निकले 45 हजार रुपये

**यमुनानगर।** जिले के सरस्वती नगर बाजार में एटीएम से रुपये निकालने पहुंची एक महिला ठगी का शिकार हो गई। मदद के बहाने दो युवकों ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और कुछ ही देर में खाते से 45 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर थाना छप्पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के गांव ऊंचा चांदना निवासी शमीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार को किसी काम से सरस्वती नगर बाजार गई थी। इसी दौरान उसे पैसों की जरूरत पड़ी तो वह एटीएम से रुपये निकालने पहुंची। उनके पास एचडीएफसी बैंक खाते का कार्ड था। शमीना ने बताया कि जब वह एटीएम मशीन से पैसे निकालने की कोशिश कर रही थी तो वहां पहले से मौजूद दो युवक उसके पास आए और मदद करने की बात कही। दोनों ने कहा कि मशीन ठीक से नहीं चल रही और वे रुपये निकलवा देंगे। भरोसे में लेकर युवकों ने उसका एटीएम कार्ड अपने हाथ में ले लिया। आरोप है कि इसी दौरान दोनों ने चालाकी से उसका कार्ड बदल दिया और उसे दूसरे कार्ड के साथ वहां से भेज दिया। कुछ देर बाद जब शमीना अपने घर पहुंची तो उसके मोबाइल पर खाते से 45 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। मैसेज देखते ही उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़िता ने तुरंत बैंक और पुलिस से संपर्क किया।

## फंदा लगाकर नाबालिग लड़के ने की खुदकुशी

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करवाया पोस्टमार्टम
- पुलिस कर रही मामले में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव दामला में एक सत्रह वर्षीय नाबालिक लड़के ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में जांच शुरू कर दी। परिजनों के मुताबिक नाबालिग लड़का पिछले कुछ समय से शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

बिहार के जिला मुज्जफरपुर के गांव मेथनापुरा निवासी मृतक की मां रामपड़ी देवी ने बताया कि उनका परिवार पिछले बीस साल से यमुनानगर में रह रहा है। वह और उसका बेटा रवि(17) दामला स्थित प्लाइवुड फैक्टरी में नौकरी करके परिवार का गुजारा चला रहे हैं। उसका बेटा रवि पिछले पंद्रह दिन से फैक्टरी में काम पर नहीं जा रहा था। वह लगातार अपनी तबीयत खराब होने की शिकायत कर रहा था और डॉक्टर को दिखाने की जिद कर रहा था। उन्होंने उसे डॉक्टर के पास ले जाने का आश्वासन दिया था। रामपड़ी देवी के मुताबिक सुबह के वक्त वह फैक्टरी में चली गई थी और रवि घर पर अकेला रह गया था। दोपहर को एक बजे के करीब वह खाना खाने के लिए घर पहुंची तो देखा कि रवि का शव घर की छत में लगे पंखे में फंदे से लटक रहा था। उसने शोर मचाया तो मौके पर आसपास के लोगों ने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### मामले में की जा रही है जांच

मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी सतपाल ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि रवि नशे का आदी था और इसी कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था। प्रारंभिक जांच में नशे की लत से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

- आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने महिला को शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने आरोपी युवक पर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 38 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी पहली शादी के बाद पति के साथ अनबन रहती थी। जिसके बाद वह अपने पति से अलग रहने लगी। इस दौरान उसकी मुलाकात सहित से हुई। साहिल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर जुलाई 2019 से मार्च 2026 के बीच उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने जब आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी नग्न फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपी का विरोध किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## पांच परीक्षा केंद्रों पर 1,768 अभ्यर्थी हुए शामिल, 212 रहे अनुपस्थित, डीसी ने किया निरीक्षण

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक हुई नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल 1980 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 1768 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 212 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों, उनके आसपास के क्षेत्रों तथा प्रमुख मार्गों पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात जवानों को सुरक्षा एवं जिम्मेदारियों से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए थे।




### पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सफल

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिले के सभी पांच परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रत्येक केंद्र पर 15 से 18 पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई, जिन्होंने पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इसके अतिरिक्त सभी डीएसपी, थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज लगातार गश्त पर रहे और परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते रहे। महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा और सहायता के लिए महिला पुलिस टीमों को भी तैनात किया गया था। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष जिम्मेदारी निभाई। थाना यातायात शहर प्रभारी निरीक्षक रामकरण के नेतृत्व में यातायात पुलिस कर्मियों ने विभिन्न मार्गों पर व्यवस्था संभाली, जिससे परीक्षा के दौरान कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला पुलिस के प्रत्येक जवान ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दीं। पुलिस कर्मियों के सहयोग और सतर्कता के कारण नीट परीक्षा शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मचारियों ने परीक्षा ड्यूटी को सेवा भाव से निभाकर अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## खबर संक्षेप

### खाटूश्याम मंदिर से दानपात्र चुरा ले गए

**करनाल।** खाटूश्याम मंदिर में आधी रात को बाइक सवार दो बदमाश मंदिर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और दो दानपात्र चोरी कर फरार हो गए। पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी साफ दिखाई दे रहे हैं। एक आरोपी ने काले रंग के कपड़े और हेलमेट पहन रखा था, जबकि दूसरे ने लाल रंग के कपड़े पहनकर चेहरा ढका हुआ था। फुटेज में एक आरोपी दो दानपात्र उठाकर बाइक पर बैठता दिखाई दे रहा है।

सुबह मंदिर पहुंचने पर पुजारी त्रिपाठी ने मुख्य दरवाजा टूटा हुआ देखा। अंदर जांच करने पर दोनों दानपात्र गायब मिले, जिसके बाद मंदिर प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी गई। मंदिर में तैनात गार्ड बालकिशन ने बताया कि उसे रात के समय चोरी की भनक नहीं लगी। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### शिव स्तुति के साथ मनाया आध्यात्मिक उत्सव



**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को भगवान शिव का पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से अभिषेक के बाद भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। पंडित अनिल द्विवेदी और पंडित हरीश शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रुद्राष्टक और पंचाक्षरी मंगलम का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान अनु खट्टर, राजेश चुग और सुशील मदान ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सरोज दुआ, रविंद्र बत्रा, संगीता बत्रा, वेद दुआ, मुरारी बत्रा, चंदर बत्रा, संजीव, उषा ढींगरा, मौजूद रहे।

### बी-24 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उभरी युवा प्रतिभाएं




**करनाल।** निर्मल विहार स्थित बी-24 बेडमिंटन अकादमी में आयोजित दो दिवसीय बेडमिंटन टूर्नामेंट का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। अकादमी के प्रबंध निदेशक नरेंद्र कुकरेजा और निदेशक विजेंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में मीरा, अंडर-13 में हरसिमरत, अंडर-15 में भाविता तथा विभिन्न बॉयज वर्गों में विहान राणा, निमित, यशवर्धन, कबीर और लावण्या ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

## काछवा में सिलाई एवं बड़ा गांव में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

# कौशल विकास से ग्रामीण आत्मनिर्भर बनेंगे : मनोहर

- पहले चरण में 15 गांवों तक पहुंचेगी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल लोकसभा क्षेत्र के गांव काछवा और बड़ा गांव में अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा स्थापित कौशल विकास केंद्रों का उद्घाटन किया। काछवा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र तथा बड़ा गांव में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए गए हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है।

मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2010 में स्थापित अंत्योदय फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा किए गए सर्वे में 1000 से अधिक ऐसे युवाओं और युवतियों की पहचान की गई है, जिन्हें कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की आवश्यकता है। इसी के तहत पहले चरण में 15 गांवों में प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र के संचालन और निगरानी के लिए पांच सदस्यीय 'पाञ्चजन्य समिति' गठित की जाएगी। काछवा केंद्र में दो शिफ्टों में 60 बेटियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि यह पहल ग्रामीण बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि कंप्यूटर सेंटर और लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं से ग्रामीण युवाओं को अपने क्षेत्र में ही बेहतर अवसर मिलेंगे।

अंत्योदय फाउंडेशन की ट्रस्टी ऐषणा कल्याण ने कहा कि फाउंडेशन महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा, एसपी नरेंद्र बिजराणिया, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश सोहन सिंह राणा, नंदलाल पांचाल, कृष्ण, धर्मपाल कश्यप, गजेंद्र सलूजा, स्थानीय सरपंच सुशीला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



**करनाल।** गांव काछवा और बड़ा गांव में कौशल विकास केंद्रों का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है। इसका उद्देश्य किसी भी वैध मतदाता का नाम हटाना नहीं, बल्कि डुप्लीकेट और दोहरी वोटों को समाप्त करना है। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में सेल्फ एनुमरेशन फॉर्म भरने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 15 जून से 14 जुलाई तक हरियाणा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर एनुमरेशन फॉर्म वितरित कर रहे हैं और मतदाताओं की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि करनाल जिला 92 प्रतिशत प्रगति के साथ प्रदेश में बेहतर स्थिति में है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने वोट की जांच करें तथा पात्र नागरिक वोटर सूची में नाम अवश्य जुड़वाएं। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम देवेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर और सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा उपस्थित रहे।.

# इंद्री में लगे रक्तदान शिविर मे 240 यूनिट रक्त किया एकत्रित

- अगला रक्तदान शिविर 5 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

सूर्या रोशनी लिमिटेड व जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन देवी मंदिर इंद्री में किया गया । इस शिविर के लिए 260 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 240 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया ।

सूर्या रोशनी के वाइस प्रेसिडेंट एच एल तिवारी ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता ये सिर्फ एक मनुष्य ही दूसरे को दे सकता है । उन्होंने कहा कि हमे नियमित रक्तदान जरूर करना चाहिए । रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि नियमित रक्तदाता को बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। अगला रक्तदान शिविर 5 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में लगाया जाएगा । रक्तदान शिविर के आयोजन में मंदिर सुधार सभा के प्रधान रमेश सिंगला, नरेश गुप्ता, नवनीत कुमार, प्रमोद, अमन, विपिन,गगन सिंगला, वैभव सिंगला, नितिन गांधी, हिमांशु जिंदल, हिमांशु भाटिया, प्रदीप, इंद्रजीत, आदि का सहयोग रहा ।



**इंद्री।** रक्तदान शिविर में रक्तदान करते युवा व उपस्थित आयोजक।

# 2436 अभ्यर्थियों ने दी नीट परीक्षा, 272 रहे अनुपस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकल रहित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक प्रबंध किए थे, जिसके चलते सभी केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थित ढंग से आयोजित हुई।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय महाविद्यालय करनाल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई। जिले में नीट-2026 के लिए कुल 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। परीक्षा में 2436 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 272 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## राजयोग-शारीरिक योग के संतुलन से बनता है सशक्त जीवन : प्रेम दीदी

- ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर-7 सेवा केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में आर्ट एंड कल्चर विंग की नेशनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने कहा कि शारीरिक योग शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है, जबकि राजयोग मन और बुद्धि को सशक्त करता है।

उन्होंने कहा कि गीता में वर्णित राजयोग आत्मा का परमात्मा से मिलन कराता है तथा व्यक्ति को तनावमुक्त और सकारात्मक बनाता है। सशक्त मन ही सशक्त शरीर का आधार है, इसलिए जीवन में राजयोग और शारीरिक योग दोनों का संतुलन आवश्यक है।

कार्यक्रम में 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने उपस्थित लोगों को योगासन एवं विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर ऋषिराज शर्मा, डीएस भारती, कैप्टन आरके राणा, सुशील शर्मा, हरि कांबोज, ज्ञान सरदाना, सुरेश मैहता, संजीव चुटानी, सुरिंद्र नागरू, विमल मैहता, कृष्ण कादियान, छवि चौधरी, सिमरण चौधरी, दिया बंसल, सोनिया एवं पूनम सरदाना मौजूद रहे।

# योग और संगीत से स्वस्थ जीवन का संदेश, 200 लोगों की हुई जांच

- सालवान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर गुरु नानक देव रिसर्च फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी तथा गुरु नानक हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गांव सालवान में निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों और मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. प्रभजोत कौर ने कहा कि संतुलित खानपान, नियमित योग, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। वहीं डॉ. हरदीप सिंह ने पीठ दर्द और जोड़ों की समस्याओं से बचाव के लिए नियमित योग और व्यायाम को जरूरी बताया। इस अवसर पर बलजिंदर सिंह, रोशन लाल, गुरमत, गुरलीन, साक्षी, अजय, मीना देवी फौजी, सुभाष राणा, सुरिंदर सिंह राणा और बिशम्बर सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।




## प्रदेशभर में युवा इकाइयों के विस्तार का किया ऐलान

# राजनीतिक भागीदारी बढ़ाएगा अग्रवाल वैश्य समाज

- अग्रवाल वैश्य समाज के युवा पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की युवा इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने युवाओं को निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

अपने संबोधन में अशोक बुवानीवाला ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर उनके समाधान का सशक्त मंच है।

उन्होंने कहा कि जिस समाज की राजनीतिक भागीदारी मजबूत होती है, उसकी आवाज भी उतनी ही प्रभावी होती है। युवाओं को मतदान तक सीमित न रहकर संगठन निर्माण, सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। युवा प्रदेश महासचिव विकास बंसल, युवा प्रभारी नवदीप बंसल, सह प्रभारी हरिओम अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल एवं कार्यकारी अध्यक्ष मयंक गर्ग ने कहा कि युवा इकाई का विस्तार युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश के सभी जिलों और 90 विधानसभा क्षेत्रों में युवा इकाइयों का गठन कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा।




**करनाल।** अग्रसेन भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में युवा शपथ लेते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश सचिव पंकज मित्तल, जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल, गौरव मित्तल, अमित गर्ग, डॉ. राजेश गुप्ता, आशीष मित्तल, मुकेश सिंगला, रवि गर्ग मोनू, निखिल बंसल, युगल गुप्ता, आकाश चाचाण, रोहित सिंगला, श्रीकांत बंसल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### योग शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

**तरावड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में इको सिटी पार्क, तरावड़ी में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग शिविर के दूसरे दिन का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में श्री हंस राइस मिल के एमडी प्रदीप गुप्ता कार्यक्रम में पहुंचे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, जीवी राइस मिल के विनित बंसल, समाजसेवी नरेश अरोड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया और उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर करनाल से पधारे योग विशेषज्ञ डॉ. मित्तल ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया तथा योगाभ्यास के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है।

## न्यूज डायरी

### कर्मचारियों ने अपनाया स्वास्थ्य मंत्र



**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लिबर्टी शूज और लिबर्टी योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सेंट्रल हाउस, रेलवे रोड परिसर में 'करें योग, रहें निरोग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लिबर्टी के सीईओ रमन बंसल और योग प्रशिक्षक सतीश गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर रमन बंसल ने कहा कि योग व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ उसे तनाव और अवसाद से दूर रखने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से सतीश गोयल के मार्गदर्शन में योग केंद्र संचालित किया जा रहा है और बड़ी संख्या में कर्मचारी इससे जुड़े हुए हैं। योग प्रशिक्षक एवं समाजसेवी सतीश गोयल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। वे 66 वर्षों से लिबर्टी परिवार से जुड़े हैं और कर्मचारियों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से योग केंद्र की शुरुआत की गई थी। कार्यक्रम में संदीप गोयल, बीरपाल सिंह तिनगुरिया, रामनाथ वर्मा, नरेंद्र राणा, राजीव अरोड़ा, जसवंत राय, संजय भारद्वाज, राजीव ठाकुर, राजेश धसीमान, संजीव दास, मनोहर दीपक, सुरेंद्र राणा और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### योग हमारी प्राचीन पद्धति : रामकुमार कश्यप



**इंद्री।** अनाज मंडी इंद्री में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने उपस्थित प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया था और तब से हर वर्ष 21 जून को इसे पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाना होगा। योग हमारी प्राचीन पद्धति है और इसके माध्यम से हम अपने शरीर को गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, डीएसपी सतीश गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह, राकेश पाल, धर्मवीर, कमलेश, मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र पंजोखरा, विजय कश्यप, जयप्रकाश बंसल, अनुराग वर्मा, संजय मित्तल, धर्मवीर आर्य, मास्टर बलराज व रघुवीर बतान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### खेल नर्सरी में 60 खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**इंद्री।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गांव फाजिलपुर स्थित श्री हनुमान अखाड़े में आयोजित कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह समिति व कांबोज आवाज मंच द्वारा खेल नर्सरी से जुड़े करीब 60 खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह निर्मल और कांबोज आवाज मंच के अध्यक्ष प्रदीप कांबोज ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने कुश्ती, दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप और योगा सहित विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शहीद उधम सिंह समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, एकता और आगे बढने की प्रेरणा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं । कांबोज आवाज मंच के अध्यक्ष प्रदीप कांबोज ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने से जो संतोष मिलता है, वह किसी बड़े पुरस्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य भविष्य के खिलाड़ियों को नई दिशा देते हैं। इस दौरान विभिन्न आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिताओं में तनमय कांबोज, तनीक्ष, अनवी, रूद्र, आर्यन, पूर्वी, कार्तिक, हिरल और सुप्रीत को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न आयु वर्ग कुश्ती में देवांग, कलक्ष, तनीश, लक्ष्य व वरदान तथा योगा में अर्चना और सोनिया को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर कोच सोहन लाल, राजपाल और कंवरलाल फौजी को भी विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर बलबीर सिंह कांबोज, देशराज कांबोज, बलिंद्र कांबोज, राजपाल, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कांबोज, देवेन्द्र कांबोज, शिव कुमार व कृष्ण लाल आदि मौजूद रहें ।

### योग स्वस्थ जीवन का सशक्त माध्यम : मीनू शर्मा



**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्लब, शारीरिक शिक्षा विभाग, स्पोर्ट्स क्लब, यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस तथा एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ व्यक्तित्व के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं योग क्लब संयोजिका डॉ. सुमन, डॉ. सीमा रानी तथा डॉ. नीलम मौजूद रहीं।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में योग दिवस मनाया

**करनाल।** कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। निदेशक डॉ. महेंद्र कुमार गर्ग, डॉ. प्रेरणा अग्रवाल, डॉ. संदीप गिरी, विक्रांत चौहान सहित चिकित्सकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग सत्र का संचालन अंगिरा गुरुकुल संस्थान की संस्थापिका एवं निर्देशिका डॉ. दीपिका ने किया। कार्यक्रम में आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया।

### 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



**करनाल।** जिला कारागार करनाल में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। जिला कारागार और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। अंतिम दिन लगभग 1500 बंदियों ने सामूहिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया। जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज, योग प्रशिक्षक मुन्ना कुमार और श्रीमती कांता ने बंदियों को योग का प्रशिक्षण दिया।

## खबर संक्षेप

### वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**पानीपत।** जिला स्तरीय विश्व योग दिवस कार्यक्रम में वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिवाजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में महासचिव हरीश बंसल, संजय शालवाले, बलदेव गांधी और जोगेंद्र कुंडू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया।

### समझौता लागू नहीं हुआ तो फिर होगा आंदोलन

**पानीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा की सनौली ब्लॉक सभा में सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, जिला प्रधान सुल्तान सिंह और कोषाध्यक्ष कंवरपाल सिंह ने सरकार से 29 मई 2026 के समझौते को तुरंत लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि समझौते का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने पर दोबारा आंदोलन शुरू किया जाएगा। सम्मेलन में संदीप को प्रधान, जयकुवार को सचिव, रोहतास को उपप्रधान, मूर्ति को सह सचिव और सुमित को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### चुलकाना में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**पानीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलकाना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्राचार्य देवेंद्र सिंह राठी ने योग को शरीर, मन और आत्मा का विज्ञान बताया। योग प्रशिक्षक शुभम और संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों व स्टाफ को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन तथा अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का समापन प्रतिदिन 30 मिनट योग करने के संकल्प के साथ हुआ।

### सनौली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनौली खुर्द में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि सैनी चेयरमैन फॉरेस्ट विभाग तथा विशिष्ट अतिथि शिखा पांचाल जिला पार्षद रहे। इस अवसर पर बीडीपीओ शक्ति सिंह, डॉ.दीपक सैनी, विपिन पांचाल जिला पार्षद प्रतिनिधि, संजय त्यागी सरपंच तथा रामनिवास कौशिक सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी से नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: शिवाजी स्टेडियम में उमड़ा जनसैलाब, नशा मुक्त हरियाणा का लिया संकल्प

# योग ने पूरी दुनिया को भारत की प्राचीन संस्कृति से परिचित कराया : हरविंद्र


पानीपत। शिवाजी स्टेडिम में योग करते हरविंद्र कल्याण व अन्य।



पानीपत। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्पीकर हरविंद्र कल्याण का स्वागत करते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


पानीपत। समालखा में योग करते विधायक मन मोहन भड़ाना व अन्य । फोटो : हरिभूमि

■ विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का जिला स्तरीय समारोह आज शिवाजी स्टेडियम में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग तथा योगयुक्त, नशा मुक्त हरियाणा थीम पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों योग साधकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की उत्कृष्ट पद्धति है। जिसने पूरी दुनिया को भारत की प्राचीन संस्कृतिए ज्ञान और जीवन दर्शन से परिचित कराया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन योग एवं नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर हरविंद्र कल्याण ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा योग के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले 15 योग साधकों एवं विशेषज्ञों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी, शिक्षा मंत्री प्रतिनिधि हरपाल ढांडा, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, अतिरिक्त निगम आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप कुमार, स्टेट ऑफिसर प्रतीक हुड्डा, सीईओ डॉ.किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.राज कपूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महीपाल बंसल, डीआईपीआरओ डॉ.सुनील बसताड़ा, डीईओ राकेश बूरा, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ.योगेश, जिला योग विशेषज्ञ नीलिमा राजपाल, सीनियर कोच अनुज जागलान, जगबीर मलिक, महीपाल, सुषमा, एकता, एडवोकेट संदीप जिंदल तथा कृष्ण आर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए

हरविंद्र कल्याण ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गंभीर चोट के बाद नियमित योगाभ्यास ने उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर लौटने में मदद की। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि योग जीवन में संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव हैं।

### योगमय हुआ पानीपत : 20 हजार से अधिक ने किया अभ्यास

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 पर हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जिलेभर में भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' तथा 'योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा' रही। जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शिवाजी स्टेडियम पानीपत में आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 4,500 प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। वहीं समालखा अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं संस्थानों में भी योग दिवस को लेकर विशेष आयोजन किए गए। बापौली, मतलौडा, समालखा तथा अन्य क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न स्थानों पर वन विकास निगम के चेयरमैन रवि सैनी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन आर.पी. सिंह, विधायक निखिल मदान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला एवं सत्र न्यायालय पानीपत तथा उपमंडल समालखा में भी योग शिविरों का आयोजन किया गया, जहां न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया। इसके अतिरिक्त आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति, व्यायामशालाओं तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों में योग सत्र आयोजित किए गए। डीसी डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में अनुमानित रूप से 20 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता रही।

### समालखा में विधायक मनमोहन भड़ाना ने दी योग की प्रेरणा

समालखा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज समालखा में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियोंए विभिन्न वार्डों के पार्षदोंए स्थानीय स्कूलों के बच्चों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर सामूहिक योग अभ्यास किया। विधायक मनमोहन भड़ाना ने योग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नियमित योग करने से न केवल हमारा शरीर फिट रहता है बल्कि यह मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। वहीं कार्यक्रम में कच्चे केले बांटे जाने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई।

# पतंजलि महिला समिति ने उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

■ महामंत्री नीलम वधवा ने स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर विचार रखे

रिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पतंजलि महिला समिति की सदस्य योग शिविर में शामिल होते हुए।

पतंजलि महिला समिति द्वारा हुडा सेक्टर.11 स्थित पार्क में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपिका सिंगला ने मंत्रोच्चारण के साथ कराया। महिला जिला प्रभारी प्रेम चावला ने विभिन्न योगासन करवाए और उनके लाभ बताए। जबकि राजेश आहूजा ने प्राणायाम का अभ्यास कराया। महामंत्री नीलम वधवा ने स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर विचार रखे। ऋचा खुराना और प्रेम चावला ने अतिथियों का स्वागत किया तथा नव.निर्मित योग शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में अनु कटारिया, रेणु आर्य, स्नेहलता, सुदेश खुराना, शबनम वर्मा, हरिओम तायल, डॉ.प्रेमानंद और सियाराम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाईचारा समाज की सबसे बड़ी ताकत : डा.अर्चना

■ नौल्था के लोगों ने जो स्वागत किया है वह अमूल्य है : डा. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नौल्था में स्वागत समारोह में मंचासीन डा.अर्चना गुप्ता व अन्य ।

बाबा लाठे वाले की पावन नगरी नौल्था पानीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता के स्वागत के लिए 36 बिरादरी द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से डा.अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि नौल्था की धरती पर मिला स्नेह और सम्मान उनके लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी का भाईचारा, आपसी सौहार्द समाज की सबसे बड़ी ताकत है। जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है तो विकास और प्रगति के नए रास्ते स्वतः खुलते हैं। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि समाज की सेवा और उसकी उन्नति के लिए मैं हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग और विश्वास मुझे निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता, समान अवसर और सर्वांगीण विकास के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही भाजपा की कार्यशैली है और सामाजिक सौहार्द तथा भाईचारे को मजबूत करना संगठन की प्राथमिकता है। वहीं डॉ.अर्चना गुप्ता ने समारोह के सफल आयोजन के लिए समुद्र जागलान और समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। डा.गुप्ता ने कहा कि नौल्था के लोगों ने जिस आत्मीयता और प्रेम के साथ उनका स्वागत किया है वह उनके लिए अमूल्य है। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, जगबीर आर्य व जयदेव नौल्था आदि मौजूद रहे।

# एसडी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने किया योग

■ महामंत्री नीलम वधवा ने स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कालेज में योग करते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एनसीसी कैडेट्स, खिलाडिय़ों और विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि स्वस्थ उम्र बढने के लिए योग आज का वैश्विक संदेश है, जो लोगों को सक्रिय और रोगमुक्त जीवन की प्रेरणा देता है। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.बलजिंदर सिंह ने बताया कि कैडेट्स पिछले 15 दिनों से नियमित अभ्यास कर रहे थे। कार्यक्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराए गए तथा प्रतिभागियों ने फिट इंडिया का संकल्प लिया।

### वार्ड.9 में शिविर लगाकर किया योग

**पानीपत।** विश्व योग दिवस के अवसर पर वार्ड.9 में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों सुनीता और डॉली के मार्गदर्शन में योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पार्षद वार्ड 9 नवल जिंदल, पार्षद रॉकी गहलोत, हिमांशु कटारिया मंडल अध्यक्ष, दर्शन लाल वधवा, प्राण रत्नाकर, रमेश कपूर, वीरेन्द्र सिंगला, रमेश बजाज, नवीन वर्मा, अशोक चावला, नेहा सिंगला प्रेसिडेंट लाइंस क्लब, किरण जिंदल, शालिनी, नीतिका व गया प्रसाद सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।


पानीपत। विद्यार्थियों को योग कराते योग शिक्षक । फोटो : हरिभूमि

### सनातन प्रहरी संस्थान में मनाया योग दिवस

**पानीपत।** नूरवाला स्थित एवी स्कूल में सनातन प्रहरी संस्थान वेद मंदिर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सतपाल अरोड़ा और गीता अरोड़ा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद काजल शर्मा एवं अनिल शर्मा उपस्थित रहे। जबकि शहीद अभिषेक बजरंगी के माता-पिता राजो देवी और सतपाल चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। आचार्य राम निवास के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का समापन ऋषि लंगर के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविद मधु शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी


पानीपत। योग कराते हुए बीके अंजना। फोटो : हरिभूमि

### ब्रह्माकुमारीज ने सर छोटूराम पार्क में कराया योग

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर.25 स्थित सर छोटूराम पार्क में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके अंजना बहन ने की। मुख्य अतिथि डॉ.भवानी शंकर और डॉ.मेघा शर्मा रहे। जबकि सुनील भुकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। योग प्रशिक्षक सुनील बत्रा ने विभिन्न योगासन और उनके लाभ बताए। कार्यक्रम के अंत में मानसिक योग और ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।


पानीपत। शिवाजी स्टेडिम में योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

### जिला न्यायालय व समालखा में गूंजा योग का संदेश

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर पानीपत तथा उपमंडल समालखा में योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिला न्यायालय, पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में योगेश चौधरी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत, महेन्द्र सिंह मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पानीपत, पुनीत लिम्बा पीएमजेजेबी पानीपत तथा अखिल गर्ग न्यायिक दण्डाधिकारी (जूनियर डिवीजन) पानीपत की उपस्थिति रही। वहीं उपमंडल समालखा में आयोजित योग कार्यक्रम में संजय न्यायिक दण्डाधिकारी (सीनियर डिवीजन) समालखा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक दिनेश एवं संजय ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। योग दिवस कार्यक्रम में कुल 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### आईबी कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में युवा रेडक्रॉस, एनएसएस, एनसीसी और योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य राधेश्याम ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि योग स्वस्थ, अनुशासित और संतुलित जीवन की आधारशिला है। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ.नरवीर, अश्वनी गुप्ता और रेखा शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


पानीपत। देवी मंदिर में महिला योग कक्षा में योग करती महिलाएं।

# देवी मंदिर में 10 वर्षों से महिलाओं को योग के लिए किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देवी मंदिर प्रांगण में पिछले 10 वर्षों से महिलाओं के लिए नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। योग प्रशिक्षक कुसुम, ज्योति शर्मा, रेनू, पूजा और रजनी महिलाओं को योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दे रही हैं। वहीं आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रशिक्षिका ज्योति शर्मा ने योग, संतुलित आहार और प्राकृतिक जीवनशैली को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए महिलाओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।

### गांव नंगला आर में आधा दर्जन घरों में चोरी

**बापौली।** सनौली थाना क्षेत्र के गांव नंगला आर में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन घरों को निशाना बनाकर नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर लिए। ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने घरों में घुसने से पहले किसी नशीले पदार्थ का छिडक़ाव किया। जिससे परिवार के सदस्य बेसुध हो गए। सुबह बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उल्टियां और चक्कर आने लगे। पीड़िता मनीषा ने बताया कि चोर उनके घर से 20 हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन ले गए। वहीं अंशुल राठी के घर से दो मोबाइल फोन तथा धन्ना सोलंकी के घर से एक मोबाइल चोरी हुआ। रणसिंह प्रजापत के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया। सूचना पर पहुंची सनौली थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### जेजेपी युवा जिला प्रधान अमन मान से 2 करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप

# कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जननायक जनता पार्टी के युवा जिला प्रधान अमन मान को जान से मारने की धमकी देकर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार धमकी देने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताया है। मामले की शिकायत मिलने के बाद थाना शहर पानीपत पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिशन स्वरूप कॉलोनी निवासी अमन मान ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पिछले कुछ समय से उन्हें विभिन्न विदेशी नंबरों से फोन कॉल आ रही थी। शुरुआत में उन्होंने इन कॉल को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन अब एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से आई कॉल ने उन्हें चिंता में डाल दिया। अमन मान के अनुसार कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताते हुए उनसे दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी।

### पुलिस प्रशासन से कानूनी कार्रवाई की मांग की

अमन मान का आरोप है कि आरोपी ने पैसे नहीं देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने तथा गंभीर नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। शिकायत में अमन मान ने कहा कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनका परिवार भय और मानसिक तनाव के माहौल में जी रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाना शहर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और कॉल की सत्यता व संबंधित व्यक्तियों की पहचान के लिए तकनीकी पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कपड़ा कारोबारी से नकदी और जरूरी दस्तावेज लूटे

**अंबाला।** महेशनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने एक कपड़ा कारोबारी से नकदी और जरूरी दस्तावेज लूट लिए। इस मामले में दुर्गा नगर के कैलाश चंद की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह कपड़ों की दुकान करता है। 19 जून की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर एक्टिवा पर घर लौट रहा था। जब वह बीबॉस स्टेप-इन दुकान के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार तीन युवक उसके पास आए और रास्ता पूछने लगे। जैसे ही उन्हें रास्ता बताने लगा तो आरोपियों ने जेब से करीब 500 रुपए और कुछ कागजात निकाल लिए। इसके बाद पेंट की जेब से पैन कार्ड, आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज छीनकर फरार हो गए।

### प्रवासी मजदूरों पर किया हमला, केस

**अंबाला।** गांव रसीदपुर में प्रवासी मजदूरों पर 4 बाइक पर आए 10 युवकों ने हमला कर दिया। मजदूरों को ट्यूबवेल के कोठे में बंद कर पीटा और दोबारा दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस हमले में पांच मजदूर घायल हो गए, जिनमें से चार को गंभीर हालत में शहर के सिविल अस्पताल में पहुंचे। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के गांव नरहर शाहिला बल्ली के शिवसरण साहनी ने बताया कि वह 13 अन्य मजदूरों के साथ 13 जून को गांव रसीदपुर के मान सिंह के खेतों में धान लगाने के लिए आया था। 19 जून की रात करीब 9.30 बजे सभी मजदूर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पहुंचे हमलावर युवकों ने पहले पूछा कि खाना खा लिया है या नहीं। इसके बाद उन पर हमला किया गया।

### किराए की दुकान पर किया कब्जा

**अंबाला।** अंबाला शहर के रणजीत नगर स्थित स्क्रैप की दुकानों को लेकर चल रहे विवाद में कलाल माजरी के महिंदर सिंह ने अदालत के स्टेटस-क्वो आदेश के बावजूद उसकी किराये की दुकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिंदर सिंह ने पुलिस चौकी नंबर-2 में दी शिकायत में बताया कि वह और उसका बेटा तुषार वर्ष 2018 से रणजीत नगर स्थित दो दुकानों में स्क्रैप का कारोबार कर रहे हैं। ये दुकानें उन्होंने मुकेश और राकेश से किराये पर ली थीं। दुकान खाली कराने को लेकर विवाद के बाद मामला अदालत पहुंचा था। 2 मार्च 2026 को स्टेटस-क्वो के आदेश जारी किए गए थे।

### सोना चोरी का आरोप, दो युवक हिरासत में लिए

**अंबाला।** शहर के ज्वेलर के यहां से करीब 5 किलो सोना चोरी हो गया। बलदेव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने सोना टेस्टिंग का काम करने वाले पप्पू और बाद में आर्यन को हिरासत में लिया है। दोनों पर चोरी का सोना खरीदने का आरोप है। जट्टां वाली गली के सर्राफ राजिंद्र कुमार ने बताया कि जिस फर्म से सोना चोरी हुआ है, उसके कर्मचारी ने ही चोरी की थी। उनका कहना है कि कर्मचारी पैसे देकर मामला सुलझाने की कोशिश कर रहा था लेकिन बाद में फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने बाजार से पप्पू को हिरासत में लिया है।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

# युवा योग को जिंदगी का बनाएं हिस्सा: गोयल



**अंबाला।** छावनी में लोगों के साथ योग करती एसडीएम व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

- कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला छावनी के एसडी विद्या स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम कनिका गोयल मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। एसडीएम ने भगवान धनवंतरी व योग प्रवर्तक महार्षि पतंजलि के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंतराष्ट्रीय योग दिवस को स्वस्थ शरीर के लिए योग, योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा की थीम पर मनाया गया। यहां अपने संबोधन में एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि योग युक्त हरियाणा, रोग मुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए लोगों में योग के प्रति जागरूकता लानी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को कहा कि नियमित योग की आदत डालने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा वे नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रह सकते है। उन्होंने कहा कि जो प्राणी धीमी और नियंत्रित श्वास लेता है, उसका जीवन अधिक स्वस्थ और दीर्घ होता है।



**शहजादपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करती विधायक व अन्य।

## पीएम मोदी की वजह से मिली योग को पहचान

**शहजादपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारायणगढ़ में उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक शैली चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शैली चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का योग दिवस संदेश एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सुनाया एवं दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पौधा भेंट कर सम्मानित किया। विधायक शैली चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के कारण योग को वैश्विक पहचान मिली है।



## सेहत के लिए योग बेहद जरूरी

**शहजादपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, नायब तहसीलदार अमित वर्मा, बीडीपीओ आस्था गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पतंजलि योग समिति से सुरेंद्र राणा द्वारा उपस्थित जनसमूह को योगाभ्यास करवाया गया तथा योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किया।



## स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग बेहद जरूरी

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में रविवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'योग संगम' कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के साथ हुई। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" रही। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बीएड और डीएल एड के विद्यार्थियों के साथ अधोया गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने भी विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। महाविद्यालय के चेयरमैन राज कुमार सांगवान तथा सचिव रमेश कुमार सांगवान ने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए योग को नियमित रूप से करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईईटी मोहड़ा के दिलबाग सिंह उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया योग

- आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योग आसन और प्राणायाम किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला द्वारा जिला न्यायालय परिसर विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, कानूनी पेशेवरों, ब्रह्मा कुमारीज़ के सदस्यों और न्यायालय के कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस गरिमामयी सत्र में उपस्थित रहकर योगाभ्यास करने वाले प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में शामिल रहे। इनमें एडीजे अरविंद बंसल, हितेश गर्ग सीजेएम विवेक चौधरी सिविल जज मनसुख गर्ग, बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट सतपाल सिंह, मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील अनिल कुमार साथ-साथ इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक संस्था ब्रह्म कुमारीज़ की ओर से भी विशेष रूप से बीके एकता, बीके नीरज, बीके एडवोकेट राकेश मेहता और बीके आरती मौजूद रही। सभी ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योग आसन और प्राणायाम किए।



**अंबाला।** योग करते न्यायिक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# स्लम एरिया के बच्चों ने किया योग

- शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलाधारा ग्रुप द्वारा संस्था के सामाजिक अभियान /"प्रोजेक्ट अंकुरण/" के अंतर्गत स्लम एरिया में रहने वाले बच्चों के लिए विशेष योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलाधारा ग्रुप के स्वयंसेवकों ने बच्चों को योग के महत्व, नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी। बच्चों को विभिन्न सरल योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कलाधारा ग्रुप के कोषाध्यक्ष करन बुटोलिया ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य मानसी, मनीष कुमार, पायल शर्मा, अक्षित, अर्शदीप, कंचन, आदित्य धवन, तरनजीत शर्मा, आयुषी गोयल भी मौजूद रही।



**मुलाना।** योग करते स्लम एरिया के बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*



**अंबाला।** एक सेंटर पर परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों की फोटो लेने का दृश्य।

## कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच संपन्न हुई नीट की परीक्षा, 2592 ने दी परीक्षा

- सात सेंटरों पर पुलिस की ओर से किए गए थे पुख्ता बंदोबस्त

**अंबाला।** सात केंद्रों पर नीट की परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि नेशनल एलिजिबिल्टि कम एंट्रस टेस्ट (नीट-यूजी) की लिखित री-परीक्षा नकल रहित व पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गई हैं। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबधं किए गए थे। परीक्षा के लिए कुल 7 सेंटर बनाए गए थे। परीक्षा में 2962 में से 2592 परीक्षार्थी उपस्थित रहें। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में ड्यूटी पर तैनात परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ-साथ सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी से ड्यूटी का निर्वहन किया परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गएथे। उप पुलिस अधीक्षक जगबीर मलिक ने बताया कि जिले में बनाए सभी 7 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

# पूतना वध प्रसंग का किया उल्लेख

- अनुभवानंद गिरि महाराज ने कहा कि माखन चोरी की लीला वास्तव में भक्त और भगवान के मधुर संबंध की अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के मथुरा नगरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा का आनंद लिया। कथा व्यास डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन करते हुए पूतना वध, माखन लीला, प्रभावती गोपी प्रसंग, ब्रह्मा के मोह भंग तथा गोवर्धन लीला के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य संदेश है। उन्होंने पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते बताया कि पूतना राक्षसी छल और कपट का प्रतीक थी। वह विषपान कराकर बालक श्रीकृष्ण का वध करने आई थी, किंतु भगवान ने उसके प्राण हर कर उसे मोक्ष प्रदान किया। इससे यह शिक्षा मिलती है कि भगवान अपने शरणागत के दोषों को नहीं देखते, बल्कि उसके भीतर छिपे भाव को स्वीकार कर लेते हैं। माखन लीला का वर्णन करते कहा कि माखन शुद्ध और निर्मल हृदय का प्रतीक है।



**अंबाला।** कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

### श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया

गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को समाप्त करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया था। यह लीला हमें सिखाती है कि प्रकृति की पूजा और संरक्षण मानव का कर्तव्य है। कथा के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने भजनों और संकीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

## आकाश एजुकेशनल ने लगाई छबील

**पंचकूला।** सिखों के 5वें गुरु, गुरु अर्जन देव जी की शहादत के सम्मान में आकाश एजुकेशनल ने पंचकूला समेत ट्राइसिटी व पंजाब में 10 जगहों पर छबील आयोजित की । डिप्टी रीजनल डायरेक्टर, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, गुरु अर्जन देव जी की शिक्षा आज भी बहुत काम की हैं। उनकी शिक्षा हमें अटूट विश्वास, गहरी दया और कृपा की शक्ति देती हैं। उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी बराबरी और बिना किसी स्वार्थ के सेवा की। आज, आकाश इंस्टीट्यूट ठंडा और मीठा पानी बाँट गुरु अर्जन देव जी की शहादत की याद में सम्मान देता है। उनकी शिक्षा ने हमें सिखाया कि जब भी हम खतरे में हों, तब भी हमें अपने खास मूल्यों पर टिके रहना चाहिए।




## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 13 लाख की ठगी, एजेंट के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी के बब्याल में फोटोग्राफी की दुकान करने वाले पिलखनी के सुरेश कुमार के बेटे अनिकेत को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एजेंटों ने 13 लाख रुपए ठग लिए। एजेंट इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड व मलेशिया में घुमाते रहे। सुरेश की एसपी कार्यालय में दी शिकायत की जांच के बाद थाना साहा पुलिस ने पंजोखरा के रणदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरेश ने बताया कि वर्ष 2023 में ठरवा के मिल्खी राम के माध्यम से उसकी मुलाकात रणदीप से हुई थी। रणदीप से बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 16 लाख रुपए में सौदा तय किया था। पहले 50 हजार ऑनलाइन और बाद में 7.50 लाख नकद दिए। अन्य खर्चों के नाम पर 5 लाख और ले लिए। 10 दिसंबर 2023 को भारत लौटने के बाद अनिकेत ने परिवार को अपने साथ हुए व्यवहार की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** | 18 राज्यों में सक्रिय संगठन का विस्तार अभियान, हर वर्ग के लोगों को जोड़ने पर फोकस

# बाबा साहेब की विचारधारा को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान प्रारंभ

सामाजिक न्याय, समानता और संवेधानिक मूल्यों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा (पंजीकृत) ने रविवार को राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत की। अभियान का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के पूर्व डीजीपी पृथ्वी राज ने किया, जबकि चंडीगढ़ से समाजसेवी डॉ. सतीश गर्ग विशेष रूप से शामिल रहे। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर ने कहा कि संगठन वर्तमान में देश के 18 राज्यों में सक्रिय है और इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों को समान रूप से स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक वर्ग का संगठन नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का मंच है जो बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा और भारतीय संविधान के मूल्यों में विश्वास रखते हैं। प्रदेश अध्यक्ष रीना गावस्कर वाल्मीकि ने बताया कि सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को गांव, कस्बे और शहर स्तर तक मजबूत करना तथा सामाजिक न्याय, समानता और संवेधानिक मूल्यों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अमरीक सिंह बांगड़ ने कहा कि बैठक में संगठन की आगामी रणनीति, सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों तथा सदस्यता अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।



**अंबाला।** सदस्यता अभियान का आगाज करते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पंजाब प्रधान निर्मलजीत सिंह, दिल्ली जिला संयोजक रवि शंकर, भगत राज, निर्मल चौहान और लवली बग्गन ने भी अपने विचार रखे। महासभा पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और संविधान समर्थक नागरिक संगठन से जुड़ेंगे, जिससे सामाजिक जागरूकता और जन भागीदारी को नई मजबूती मिलेगी।

## अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**अंबाला।** अमेरिका भेजने के नाम पर अंबाला कैंट के ग्रीन पार्क के लक्ष्य धीमान के साथ 26.50 लाख की धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित लक्ष्य के पिता अनिल धीमान का आरोप है कि चीन व दुबई में बंधक बनाकर उससे 4500 डॉलर भी छीन लिए। बलदेव नगर थाना पुलिस ने पीड़ित के पिता अनिल धीमान की शिकायत पर तीन आरोपी उदित धीमान, जसविंदर उर्फ बिल्लू व नरदीप उर्फ सुंदरी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। यह कार्रवाई धोखाधड़ी, धमकी देने व इमिग्रेशन एक्ट के तहत हुई है। पुलिस को दी शिकायत अनिल धीमान ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे लक्ष्य धीमान को अमेरिका भेजने के लिए उदित धीमान, जसविंदर उर्फ बिल्लू और नरदीप उर्फ सुंदरी नाम के कथित एजेंटों से संपर्क किया था।